## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...




4 अगस्त 2026

**प्रिय साथियो,**

हमारी तीस्ता चरण-VI जलविद्युत परियोजना में घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने हम सभी को गहरे दुःख से भर दिया है। इस हादसे में 25 अमूल्य जीवनों का असमय अवसान, जिनमें हमारे अपने सहयोगी श्री मनीष प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) तथा श्री अनीश मोहन, वरिष्ठ प्रबंधक (भूविज्ञान) भी शामिल हैं, संपूर्ण एनएचपीसी परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी निष्ठा, व्यावसायिक दक्षता तथा संगठन के प्रति समर्पण को सदैव आदर और सम्मान के साथ स्मरण किया जाएगा। मैं शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ तथा ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वे दिवंगत आत्माओं को शाश्वत शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को इस कठिन समय में दुःख सहने की शक्ति एवं संबल प्रदान करें।

ऐसे क्षण हमें जलविद्युत विकास से जुड़ी विशिष्ट चुनौतियों का स्मरण कराते हैं। हमारी टीमें अत्यंत दुर्गम एवं चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों में निरंतर कार्य करती हैं, जहाँ उन्हें अनेक बार प्रकृति की अप्रत्याशित परिस्थितियों का भी सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों के बावजूद, एनएचपीसी परिवार के प्रत्येक सदस्य द्वारा प्रदर्शित समर्पण, साहस और व्यावसायिक उत्कृष्टता हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है तथा राष्ट्र निर्माण में संगठन की गौरवशाली विरासत को और अधिक सुदृढ़ बनाती है।

यह घटना हमें सुरक्षा के महत्व की पुनः याद दिलाती है। यद्यपि प्राकृतिक परिस्थितियों से जुड़ी अनिश्चितताओं का सदैव पूर्वानुमान लगाना संभव नहीं होता, फिर भी सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हर परिस्थिति में सर्वोपरि रहेगी। इस घटना के प्रत्येक पहलू की व्यापक समीक्षा की जा रही है, ताकि इससे सार्थक सीख प्राप्त की जा सके तथा हमारी सभी परियोजनाओं में सुरक्षा प्रणालियों, कार्य प्रक्रियाओं और सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

मैं इस अवसर पर विद्युत मंत्रालय, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सिक्किम एवं पश्चिम बंगाल सरकारों, जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, कोल इंडिया लिमिटेड, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड तथा बचाव अभियान में सहयोग देने वाली सभी अन्य

एजेंसियों के प्रति उनके अथक प्रयासों और अमूल्य सहयोग के लिए अपनी हार्दिक सराहना एवं कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ।

यद्यपि जुलाई का महीना हमारे लिए अनेक चुनौतियाँ लेकर आया, फिर भी इस अवधि ने राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा तथा सतत विकास के प्रति एनएचपीसी की दृढ़ एवं अटूट प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

माह की शुरुआत एक ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ हुई, जब भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 04.07.2026 को राजस्थान के बीकानेर में एनएचपीसी की 300 मेगावाट क्षमता वाली कर्णीसर सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया। यह परियोजना एनएचपीसी के विस्तारित हो रहे नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में भारत के परिवर्तन और *आत्मनिर्भर भारत* के संकल्प को साकार करने में हमारी प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है।

माह के दौरान मैंने निदेशक (परियोजनाएँ) के साथ रतले, किरू, क्वार, पकल दुल तथा दुलहस्ती चरण-II परियोजनाओं का दौरा कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान क्वार परियोजना की यूनिट-4 में ड्राफ्ट ट्यूब एल्बो की स्थापना कार्य का शुभारंभ तथा किरू परियोजना की यूनिट-2 में रनर के सफलतापूर्वक स्थापित किए जाने जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियों का अवलोकन किया। मैं इन राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं के निर्माण में योगदान दे रहे सभी कर्मचारियों के समर्पण एवं प्रतिबद्धता की सराहना करता हूँ और उन्हें उत्कृष्टता के साथ कार्य करते हुए परियोजनाओं के शीघ्र निष्पादन तथा निर्धारित समयसीमा के पालन के लिए निरंतर प्रयासरत रहने हेतु प्रोत्साहित करता हूँ।

माह की एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि तीस्ता-V पावर  स्टेशन के सफल पुनर्स्थापन कार्यों का पूर्ण होना रहा, जिसे अक्टूबर 2023 में ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) के कारण व्यापक क्षति पहुँची थी। इसके परिणामस्वरूप यूनिट-1 एवं यूनिट-2 से 13.07.2026 तथा यूनिट-3 से 16.07.2026 को वाणिज्यिक विद्युत उत्पादन पुनः प्रारंभ हुआ। यह उपलब्धि हमारे कर्मचारियों के अथक परिश्रम, तकनीकी दक्षता और टीम भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिन्होंने पावर स्टेशन को पुनः संचालित करने के लिए निरंतर प्रयास किए। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से जुड़े सभी साथियों को मैं हार्दिक बधाई देता हूँ।

माह के दौरान हमने 1,720 मेगावाट क्षमता वाली कमला जलविद्युत परियोजना से विद्युत आपूर्ति के लिए त्रिपुरा एवं छत्तीसगढ़ की विद्युत यूटिलिटी कंपनियों के साथ दीर्घकालिक विद्युत क्रय समझौतों (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए।

30.07.2026 को श्री परेश आर. राणपरा ने एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) का कार्यभार ग्रहण किया। संपूर्ण एनएचपीसी परिवार की ओर से मैं उनका हार्दिक स्वागत करता हूँ।

**माह की अन्य प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नलिखित हैं:**

- जुलाई 2026 के दौरान एनएचपीसी का राजस्व 1150.61 करोड़ रुपए रहा । जुलाई 2026 तक कंपनी का कुल संचयी राजस्व 3050.52 करोड़ रुपए दर्ज किया गया।

- जुलाई 2026 के दौरान एनएचपीसी ने 4,478.4 मिलियन यूनिट (एमयू) विद्युत उत्पादन किया, जो जुलाई माह में अब तक का सर्वाधिक उत्पादन है। जुलाई 2026 तक संचयी विद्युत उत्पादन 13,396 एमयू रहा। इसके अतिरिक्त, 28 जुलाई 2026 को एनएचपीसी ने 164.47 एमयू का अब तक का सर्वाधिक दैनिक विद्युत उत्पादन दर्ज किया ।

- माह के दौरान किशनगंगा पावर स्टेशन, टनकपुर पावर स्टेशन, पार्बती-II तथा पार्बती-III पावर स्टेशनों ने क्रमशः 13.07.2026 को 8.17 एमयू, 26.07.2026 को 2.57 एमयू,

24.07.2026 को 19.36 एमयू तथा 25.07.2026 को 12.32 एमयू का अब तक का सर्वाधिक दैनिक विद्युत उत्पादन दर्ज किया। इसके अतिरिक्त, टनकपुर, पार्बती-II तथा पार्बती-III पावर स्टेशनों ने क्रमशः 74.11 एमयू, 554.65 एमयू तथा 341.43 एमयू का अब तक का सर्वाधिक मासिक विद्युत उत्पादन भी प्राप्त किया। इन उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए मैं इन सभी पावर स्टेशनों की टीमों को हार्दिक बधाई देता हूँ और उनके समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए उनकी सराहना करता हूँ।

- 22.07.2026 को सुबनसिरी लोअर परियोजना की यूनिट#5 का सफल मैकेनिकल स्पिनिंग एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही, जिसने परियोजना के कमीशनिंग कार्यों में एक और अहम पड़ाव स्थापित किया।

- माह की एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि 23 जुलाई 2026 को अरुणाचल प्रदेश स्थित दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना में डायवर्जन टनल-2 का सफल डे-लाइटिंग रही, जिसने परियोजना के निर्माण कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाया।

- पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति एनएचपीसी की निरंतर प्रतिबद्धता के अंतर्गत 18 जुलाई 2026 को मिशन लाइफ तथा एक पेड़ माँ के नाम 3.0 अभियान के तहत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संख्या-2, फरीदाबाद में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। "एक बच्चा – एक पौधा" विषय पर आधारित इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में 2,000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, आइए हम समर्पण, सत्यनिष्ठा और उत्कृष्टता के साथ राष्ट्र निर्माण के अपने संकल्प को पुनः दृढ़ करें। हमारा प्रत्येक प्रयास भारत को ऊर्जा-सुरक्षित, सतत एवं आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

मैं आप सभी एवं आपके परिवारजनों को ओणम तथा रक्षाबंधन के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

आपका,

भूपेन्द्र गुप्ता

**(भूपेन्द्र गुप्ता)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**

एक नवरत्न कंपनी

## From CMD’s Desk




4 August 2026

**Dear Colleagues,**

The unfortunate incident at our Teesta Stage-VI Hydroelectric Project has left all of us deeply saddened. The loss of 25 precious lives, including our own colleagues, Shri Manish Prakash, Senior Manager (Civil) and Shri Anish Mohan, Senior Manager (Geology) is an irreparable loss to the entire NHPC family. They will always be remembered for their dedication, professionalism and commitment to the organization. I extend my deepest sympathies to the bereaved families and pray that the Almighty grants eternal peace to the departed souls and strength to their loved ones in this difficult time.

Moments like these remind us of the unique challenges associated with hydropower development. Our teams work tirelessly in some of the most demanding terrains and environments, often confronting unpredictable natural conditions. Yet, despite these challenges, the unwavering commitment, courage and professionalism displayed by every member of the NHPC family continue to inspire confidence and strengthen the organisation's legacy of nation-building.

This incident also reinforces the importance of safety. While natural uncertainties cannot always be foreseen, our commitment to maintaining the highest standards of safety must remain unwavering. We are undertaking a comprehensive review of every aspect of the incident to draw meaningful lessons and further strengthen our systems, processes and safety culture across all our projects.

I would also like to place on record my sincere appreciation to the Ministry of Power, Ministry of Home Affairs, Ministry of Defence, the Governments of Sikkim and West Bengal, the District Administration, NDRF, SDRF, Coal India Limited, Eastern Coalfields Limited, Western Coalfields Limited, Patel Engineering Limited and all other agencies for their tireless efforts and unwavering support during the rescue operation.

While July tested us in many ways, it also reflected NHPC's resolute commitment to the nation's energy security and sustainable development.

The month began with a landmark achievement as the Hon'ble Prime Minister of India, Shri Narendra Modi inaugurated our 300 MW Karnisar Solar Power Plant at Bikaner, Rajasthan on 04.07.2026. This project is a significant milestone in NHPC's expanding renewable energy portfolio and reflects our commitment to contributing to India's clean energy transition and the vision of *Aatma Nirbhar Bharat*.

During the month, I, along with Director (Projects), visited Ratle, Kiru, Kwar, Pakal Dul and Dulhasti Stage II Projects to review the progress of construction activities. Among the key milestones witnessed during the visit were the commencement of Draft Tube Elbow erection for Unit-4 at Kwar and the successful lowering of the runner for Unit-2 at Kiru. I sincerely appreciate the dedication and commitment of all employees contributing to these nationally significant projects and encourage them to continue striving for excellence to accelerate project execution and ensure adherence to scheduled timelines.

Another significant achievement was the successful completion of restoration works Teesta V Power Station which suffered extensive damage due to GLOF in October 2023. Consequently, commercial generation commenced from Unit-1 and Unit-2 on 13.07.2026 and Unit-3 on 16.07.2026. This accomplishment is a testament to the perseverance, technical capability and teamwork of our employees who worked tirelessly to restore operations. My congratulations to everyone associated with this remarkable achievement.

We have signed long-term Power Purchase Agreements with the power utilities of Tripura and Chhattisgarh for power from the 1,720 MW Kamala Hydroelectric Project.

Shri Paresh R Ranpara assumed charge as Director (Personnel) on 30.07.2026. On behalf of entire NHPC family, I would like to welcome Shri Ranpara as Director (Personnel), NHPC.

**Other major highlights of the month include**:

- In July 2026, NHPC’s revenue stood at Rs. 1150.61 crore. Total cumulative revenue till July 2026 stood at Rs. 3050.52 crore.

- The total generation for the month of July 2026 was 4478.4 MU, which is highest ever generation in the month of July, cumulative generation up to July 2026 was 13396 MU. During the month NHPC also has achieved its Highest-ever Daily Generation of 164.47 MU on 28 July 2026.

- During the month Kishanganga Power Station, Tanakpur Power Station, Parbati-II and Parbati-III Power Station achieved their highest ever daily generation of 8.17 MU (13.07.2026), 2.57 MU (26.07.2026), 19.36 MU (24.07.2026) and 12.32 MU (25.07.2026) respectively. Whereas Tanakpur Power Station, Parbati-II and Parbati-III Power Stations also achieved their highest ever monthly generation of 74.11 MU, 554.65 MU and 341.43 MU respectively. I commend the teams at these power stations for achievement of these milestones.

- A key milestone was achieved on 22.07.2026 with the successful mechanical spinning of Unit #5 of the Subansiri Lower Project.

- Another significant milestone during the month was the successful day-lighting of Diversion Tunnel-2 at the Dibang Multipurpose Project in Arunachal Pradesh on 23 July 2026.

- As part of NHPC's continued commitment to environmental conservation and sustainable development, a Van Mahotsav was organised on 18 July 2026 at PM SHRI Kendriya Vidyalaya No. 2, Faridabad under the *Mission LiFE* and *Ek Ped Maa Ke Naam 3.0* campaigns. Centred around the theme "One Child – One Sapling," a target has been set to plant 2,000 saplings on the school campus.

As we celebrate the 80th Independence Day, let us renew our commitment to nation-building through dedication, integrity and excellence. Every contribution we make strengthens India's journey towards a secure, sustainable and self-reliant future.

I convey my greetings to you and your family members on the auspicious occasion of Onam and Raksha Bandhan.

Yours sincerely,

**(Bhupender Gupta)**
**Chairman & Managing Director**